Moorebank Intermodal Precinct ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमॉडल माल ढुलाई परिसरों में से एक है। ऑस्ट्रेलिया में पहली बार इस पैमाने और क्षमता का परिसर देखने को मिला है और यह देश की आपूर्ति श्रृंखला को बदल देगा, हजारों ट्रकों को सड़क से हटा देगा और साथ ही माल की अधिक कुशल और टिकाऊ प्रसंस्करण और डिलीवरी प्रदान करके व्यवसाय और उपभोक्ताओं के लिए लागत कम करेगा।

प्रधानमंत्री Anthony Albanese ने Moorebank Interstate Terminal का उद्घाटन किया

अप्रैल में Moorebank Intermodal Precinct ने नए अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल के आधिकारिक उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री Anthony Albanese का स्वागत किया।

प्रधान मंत्री के साथ बुनियादी ढांचे, परिवहन, क्षेत्रीय विकास और स्थानीय सरकार विभाग की संघीय मंत्री Catherine King और NSW की परिवहन मंत्री Jo Haylen भी शामिल हुई।

यह ऑस्ट्रेलिया के माल परिवहन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो सिडनी, मेलबर्न और ब्रिस्बेन के बीच आपूर्ति श्रृंखला की प्रतिरोधक्षमता और कुशलताओं को बढ़ाने का वादा करता है।

एक बार पूरी तरह चालू हो जाने के बाद, टर्मिनल सालाना 500,000 बीस फुट कंटेनरों को ले जाने का लक्ष्य रखेगा। टर्मिनल पर आने वाली प्रत्येक ट्रेन में 1,500 टन माल की क्षमता होगी और यह ऑस्ट्रेलिया की सड़कों से 100 'बी डबल' ट्रकों को हटा सकती है।

उसी दिन बाद में प्रधानमंत्री ने लिवरपूल सिविक प्लेस के भव्य उद्घाटन में भी भाग लिया। 6 मंजिलों पर 5,000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली नई अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बच्चों और युवाओं के लिए समर्पित फ्लोर, STEM और रचनात्मक कार्यक्रमों के लिए एक स्पेस स्टूडियो और बदलती प्रदर्शनियों के लिए एक गैलरी है।

बाएँ से: LOGOS के Co-CEO और संस्थापक, John Marsh; सांसद और Werriwa के सदस्य Anne Stanley; NSW के परिवहन मंत्री, Jo Haylen; बुनियादी ढांचे, परिवहन, क्षेत्रीय विकास और स्थानीय सरकार विभाग की संघीय मंत्री Catherine King; प्रधान मंत्री Anthony Albanese; Qube के प्रबंध निदेशक, Paul Digney; National Intermodal अध्यक्ष, Erin Flattery; Qube के अध्यक्ष, Allan Davies (OAM) National Intermodal के CEO, James Baulderstone.

वेयरहाउस (गोदाम) और बुनियादी ढांचे का विकास

परिसर के उत्तरी छोर पर दो नए वेयरहाउसों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। 27,000 वर्गमीटर का Maersk वेयरहाउस और 22,000 वर्गमीटर का सिडनी टूल्स वेयरहाउस दोनों इस महीने खुलेंगे।

परिसर के दक्षिणी छोर पर, टीम तीन नए वेयरहाउसों की नींव रख रही है। वेयरहाउस - 29,000 वर्गमीटर से अधिक से लेकर 30,500 वर्गमीटर तक - अगले साल पूरा होने वाले हैं।

बाएं: Precinct के उत्तरी छोर पर सिडनी टूल्स और Maersk वेयरहाउस।

पर्यावरण कार्य

National Intermodal अपने जैव विविधता समझौते (BA341) के तहत जैव विविधता संरक्षण और संवर्द्धन का कार्य जारी रखे हुए है।

पिछले कुछ महीनों में Georges River कॉरिडोर (Moorebank Offset Area) के भीतर खरपतवार हटाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में देशी पौधों की प्रजातियों का पुनर्वास हो सका।

Casula ट्रेन स्टेशन के दक्षिण में एक क्षेत्र में बुश पुनर्जनन कार्य भी शुरू हो गया है, इस क्षेत्र को 'Hourglass land' (Casula Offset Area) के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र में खराब हो चुकी देशी वनस्पति शामिल है, जिस पर विदेशी प्रजातियों का प्रभुत्व है, और यहाँ घरेलू सामान को अवैध रूप से फेंके जाने की घटनाएँ भी शामिल हैं। काम, जिसमें कचरा और खरपतवार (हाथ से और मशीन की सहायता से) हटाना शामिल है, ने पहले से ही देशी वनस्पति की गुणवत्ता में सुधार के स्पष्ट संकेत दिए हैं, जो अब Casula ट्रेन स्टेशन ओवरपास से दिखाई दे रहे हैं।

Precinct के उत्तर-पश्चिमी छोर की ओर Georges River का गलियारा

स्थानीय हाई स्कूल इमर्जन प्रोग्राम

मार्च में लिवरपूल ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के दो स्कूल समूहों ने एजुकेशन पाथवेज प्रोग्राम (EPP) इमर्जन अनुभव के भाग के रूप में Moorebank Intermodal Precinct का दौरा किया।

छात्र-छात्राओं ने Precinct निर्माण की प्रक्रिया देखी, LOGOS टीम के सदस्यों के साथ करियर संबंधी प्रश्नोत्तर सत्रों में भाग लिया और मेनफ्रेट की 55,000 वर्गमीटर की सुविधा का दौरा किया, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के कार्यस्थल के माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ।

एक बार आरंभ होने के बाद, Moorebank Intermodal Precinct से लॉजिस्टिक्स, व्यवसाय और वित्तीय प्रशासन, इलेक्ट्रिकल और सोलर कार्य, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, और भी बहुत कुछ सहित 6000 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है।

इस यादगार दिन के लिए हमारे साथ शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और NSW शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद, और Mainfreight को छात्र-छात्राओं को अपने कार्यस्थल पर ले जाने और लॉजिस्टिक्स में करियर के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद।

Moorebank Intermodal Precinct एजुकेशन पाथवेज प्रोग्राम (EPP) में छात्र-छात्राओं का इमर्जन अनुभव।

संचालन और निर्माण के घंटे

इंटरमॉडल सुविधा (आयात निर्यात टर्मिनल और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन 24 घंटे हैं।

निर्धारित घंटों से बाहर काम

हमारे काम आम तौर पर सामान्य निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए इन घंटों के बाहर काम करना होगा।

प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को इन कार्यों के बारे में वेबसाइट और लेटरबॉक्स में चिट्ठी छोड़े जाने के माध्यम से अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा।

निर्माण कार्य के स्वीकृत सामान्य घंटे हैं:

Moorebank Precinct West
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 8 - दोपहर 1 बजे

Moorebank Precinct East
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 7 - दोपहर 1 बजे

संपर्क करने के लिए

संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

हमें फोन करें:
1800 986 465

हमें ईमेल करें:
moorebank@tsamgt.com

हमें लिखे:
Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया हमारी वेबसाइट **simta.com.au** पर जाएँ

Moorebank
Intermodal Precinct